हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 8 जनवरी 2026

04 शहर में अलाव की देखी व्यवस्थाएं



07 शराब के अवैध कारोबार को रोकने महिलाओं ने...





## खबर संक्षेप

### आनंद उत्सव के नोडल अधिकारी हुए नियुक्त

**सागर**। मध्यप्रदेश शासन आनंद विभाग द्वारा चलाए जा रहे आनंद उत्सव 2026 को जिला स्तर पर सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु कलेक्टर संदीप जी आर ने जिला शिक्षा अधिकारी जिला सागर को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। आनंद उत्सव का उद्देश्य नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ाना है। इसके लिये समूह स्तर पर परम्परागत खेल-कूद और स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### खाद्य पदार्थों में मिलावट से मुक्ति के लिए जांच दल गठित किए गए

**सागर**। कलेक्टर के आदेश पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं मिलावट से मुक्ति के लिए अभियान के तहत आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, स्वास्थ्य प्रद एवं मानक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिष्चित करने हेतु जिले में अनुविभागीय दण्डाधिकारी के नेतृत्व में तहसील स्तर पर जांच दल का गठन किया गया है जांच दल में तहसीलदार, कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नापतौल अधिकारी शामिल रहेंगे। उक्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, अन्य जिलों से अनाधिकृत रूप से आ रहे मिलावटी मावा एवं अन्य खाद्य पदार्थों की नमूना जांच, प्रतिष्ठानों पर घरेलू सिलेंडर के उपयोग होने पर कार्यवाही करें एवं नापतौल संबंधी जाँच कर अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से कार्यवाही विवरण कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत करें ।

### 103 यात्री बसों के स्थायी परमिट किए गए निलंबित

**सागर**। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सागर ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग के आदेश के परिपालन में 15 वर्ष पूर्ण कर चुकी 209 यात्री बसों को स्टैज कैरिज के स्थायी अनुज्ञाप्त्रों से रिप्लेस कराने हेतु मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग से सूची जारी की गई थी। उक्त सूची के आधार पर ऐसी यात्री बसों के अनुज्ञापत्रधारियों को रिप्लेस कराने हेतु नोटिस जारी किये गये थे तथा दैनिक समाचार पत्रों में इस आशय की सूचना भी प्रकाशित कराई गई थी। उक्त नोटिस तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित सूचना में दिनांक 05.12.2025 तक का समय रिप्लेसमेंट के लिए दिया गया था। किन्तु 103 अनुज्ञाप्त्रधारकों द्वारा दिनांक 29.12.2025 तक नवीन वाहन के मॉडल को रिप्लेस नहीं कराया गया। जिस पर कार्यवाही करते हुए क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, सागर द्वारा शेष 103 अनुज्ञाप्त्रधारकों को दिनांक 29.12.2025 को आदेश जारी करते हुए उनके प्रदत्त स्थायी अनुज्ञाप्त्रों को 30 दिवस के लिए निलंबित कर दिया गया है। ऐसे समस्त अनुज्ञापत्र धारकों को पुनः सूचित किया गया है कि 30 दिवस के भीतर नवीन मॉडल के वाहन से 15 वर्ष पुरानी यात्री बसों को रिप्लेस करा लें अन्यथा उनको प्रदत्त स्थायी अनुज्ञापत्र निरस्त कर दिया जावेगा।

### शासकीय अस्पतालों में टीबी उपचार निःशुल्क

**सागर**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

## जल जीवन मिशन के कामों को लेकर 06 लाख रुपए मांगे थे रिश्वत में, रंगेहाथ धर दबोचा

# लोकायुक्त पुलिस सागर ने डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते पीएचई का कार्यपालन यंत्री और ड्राईवर को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

लोकायुक्त पुलिस सागर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री और उसके ड्राईवर को डेढ़ लाख रु की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ईई ने 06 लाख रुपए की रिश्वत जलजीवन मिशनके निर्माण कार्य के बकाया कामों आर पुराने बिलों के भुगतान करने के एवज ने मांगी थी। महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश पर उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में लोकायुक्त संभाग सागर एसपी योगेश्वर शर्मा द्वारा सफल ट्रैप कार्यवाही की गई।

लोकायुक्त पुलिस एसपी योगेश्वर शर्मा के अनुसार ठेकेदार शैलेश कुमार पिता भगवान सिंह मौआर, शासकीय ठेकेदार पीएचई विभाग सागर मूल निवासी - ग्राम सवना पोस्ट खुटहा थाना इमादपुर जिला भोजपुर ( बिहार) वर्तमान राजघाट रोड सागर ने कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक आवेदक द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सागर जिले में ठेकेदारी का कार्य वर्ष





2022 से किया जा रहा था । इस मिशन अंतर्गत जो कार्य अधूरे रह गए थे उन्हें शासन द्वारा पुनरीक्षित किया गया था । उक्त अधूरे कार्य को पूर्ण किए जाने हेतु कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सागर द्वारा ठेकेदारों से सहमति मांगी गई थी। आवेदक द्वारा सहमति दिए जाने के उपरांत उसके द्वारा बिल आफ क्वांटिटी (बुक) की राशि 2 करोड़ 16 लाख के पांच प्रतिशत की राशि एफडीआर के माध्यम से शासन को जमा कर दिया गया। पुनरीक्षित कार्यों के कार्य आदेश जारी करने एवं पुराने बिलों के भुगतान के एवज में प्रभारी कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड सागर संतोषी लाल बाथम द्वारा रिश्वत में साढ़े तीन परसेंट राशि लगभग 6,00,000 रिश्वत की मांग की गई थी। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त सागर के समक्ष की गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया ।

### कार्यालय में पकड़ा आरोपी, मचा हड़कंप

लोकायुक्त पुलिस ने शिकायत की जांच कराने के बाद आज बुधवार को ट्रैप दल ने कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सागर में कार्यवाही की। इससे कार्यालय में हड़कंप मच गया। टीम ने संतोषी लाल बाथम, उम्र 59 वर्ष, प्रभारी कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सागर को स्वयं के वाहन चालक फूल सिंह यादव के माध्यम से प्रथम किश्त के रूप में 1,50,000 रु.रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा । अग्रिम कार्यवाही जारी है ।



## साप्ताहिक जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार से किसान और ग्राहक हुए उत्साहित

**सागर**। जिला प्रशासन की पहल पर सागर में प्रारंभ हुए साप्ताहिक जैविक हाट बाजार से जैविक पद्धति से खेती करने वाले किसानों के साथ जैविक कृषि के समर्थक ग्राहक उत्साहित हैं। सागर कलेक्टर के इस नवाचार को किसानों के साथ प्राकृतिक उत्पाद चाहने और खरीदने वाले नागरिकों का स्वागतेय समर्थन दिखाई दे रहा है । किसान ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कई तरह के कृषि उत्पाद बिक्री के लिए हाट बाजार में ला रहे हैं। मौसमी फल, फूल और सब्ज़ियों के अलावा हाट बाजार में किसान प्राकृतिक/जैविक रूप गेहूं,चावल के अलावा दलिया, तेल, गुड़, खांड जैसे अनेक उत्पाद ला रहे हैं ।स्थानीय पुलिस ट्रेनिंग ग्राउंड के पास आशा भरी निगाहों, और मुस्कुराते चेहरों के साथ ग्राहकों से बात करते नजर आते हैं। जिला प्रशासन के द्वारा हाट बाजार के लिए बैठकी की जगह और पंडाल जैसी शुरुआती सुविधाएं भी इन किसानों को आशा की किरण लग रही है । वे हाट बाजार में आये ग्राहकों को जैविक खेती और रसायन, कीट नाशक मुक्त उत्पादों का महत्त्व बता रहे हैं। यदि कृषि विभाग, सागर के संबंधित अधिकारी कर्मचारियों जैविक हाट बाजार में विक्रय के लिए आए उत्पादों का वस्तुतः प्राकृतिक/जैविक अर्थात कीट नाशक और रासायनिक खादों से मुक्त होने का निरीक्षण करते रहें तो योजना को अधिक विश्वसनीयता और समर्थन मिलना संभव है ।



## आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल का 9वां शिविर सूबेदार वार्ड में आयोजित

**सागर**। नगर निगम द्वारा नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संचालित "आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल" के अंतर्गत 9 वां शिविर सूबेदार वार्ड स्थित गोलाकुआं के पास आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने सहभागिता कर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं, जिनका निराकरण मौके पर ही कराने की कार्रवाई की गई। शिविर में महापौर संगीता सुशील तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सुशील तिवारी, एम.आई.सी. सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर, संगीता शैलेष जैन, राजकुमार पटेल, कंचन सोमेश जड़िया, वार्ड पार्षद रूबी कृष्ण कुमार पटेल की उपस्थिति में नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं । महापौर संगीता सुशील तिवारी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल का उद्देश्य यही है कि नागरिकों को अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से जो पात्र नागरिक अभी तक वंचित रह गए हैं, उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने वार्डवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे राजघाट से प्रदाय किए जा रहे स्वच्छ पेयजल का ही उपयोग करें तथा जब तक कुएं एवं हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता की जांच पूर्ण न हो जाए, तब तक उसका उपयोग न करें। महापौर ने नागरिकों से अपने वार्ड को स्वच्छ रखने, घरों के आसपास नियमित साफ-सफाई करने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर निगम के साथ सहयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल निगम की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि आपकी महापौर आपके द्वार के अंतर्गत आयोजित यह 9वां शिविर है, जिसमें नागरिकों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है। शिविरों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और लोगों को अब छोटी-छोटी समस्याओं के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न हो शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को बताएं उनका त्वरित निराकरण करने की कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री के सभास्थल पर खुरई निर्मित कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव जी के 10 जनवरी को खुरई कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कृषि उपकरण निर्माता एसोसिएशन के सदस्यों की बैठक ली। उन्होंने नौ वार्डों के दो शक्ति केंद्रों के भाजपा कार्यकर्ताओं की दो संयुक्त बैठकें लीं। इन सभी बैठकों में खुरई में मुख्यमंत्री के रोड शो और आमसभा में भव्य स्वागत, सफल और व्यवस्थित आयोजन की रूपरेखा बनाई गई। इन सभी बैठकों में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह का 500 से अधिक कंबलों से स्वागत हुआ। स्वागत स्वरूप एकत्रित लगभग 1000 कंबलों को स्थानीय महिलाओं को वितरित कर दिया गया। कृषि उपकरण निर्माता एसोसिएशन की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री, सिंह ने कहा कि आप सभी लोगों के परिश्रम और कुशलता ने खुरई के कृषि उपकरणों को देश प्रदेश में एक ब्रांड के रूप में स्थापित किया है। 'एक जिला,एक उत्पाद' के रूप में खुरई में निर्मित कृषि उपकरणों को सागर जिले के मुख्य उत्पाद के रूप में दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी कृषि उपकरण निर्माता अपने उत्पादों की एक प्रदर्शनी सभास्थल पर लगाएं जिसका मंच से वर्चुअली उद्घाटन मुख्यमंत्री डा मोहन यादव जी करेंगे।



इससे खुरई के कृषि यंत्रों को एक्सपोजर मिलेगा।आज बिजली, पानी, रोड कनेक्टिविटी, रेलवे का गुड्स ट्रेक सभी आवश्यक सुविधाएं खुरई में उपलब्ध हैं। बुंदेलखंड की सभी बांध परियोजनाओं से जिस तरह कृषि उत्पादन में वृद्धि हो रही है उसके साथ खुरई की कृषि उपकरण इंडस्ट्री भी तेजी से आगे बढ़ेगी। इसके साथ बीना रिफाइनरी में 50 हजार करोड़ की लागत से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्थापित किए गए केमिकल कांप्लेक्स से प्लास्टिक बेस्ड इंडस्ट्री के क्षेत्र में आप सभी को बड़ी संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। खुरई में एयर स्ट्रिप के लिए भी प्रयास हो रहे हैं जो शीघ्र ही सफल होंगे। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने बैठक में उपस्थित एसोसिएशन के सदस्यों से कहा कि उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी यहां हैं उनसे समन्वय करके खुरई निर्मित कृषि उपकरणों की विशेषता, उपयोगिता, इससे हो रहे रोजगार सृजन आदि कंटेंट पर आधारित एक शार्ट फिल्म बनाएं जिसे आमसभा के मंच पर दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि खुरई और आप सबकी प्रगति के लिए मुख्यमंत्री डा मोहन यादव का सहयोग और समर्थन मिलना आवश्यक है तभी बड़े विकास कार्यों की निरंतरता खुरई में हो सकेगी। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री का खुरई में एतिहासिक स्वागत और आमसभा होना चाहिए जिसके लिए आप सब भी अपनी ओर से तैयारियों में हिस्सा लें। कृषि उपकरण निर्माता एसोसिएशन खुरई के सभी सदस्यों ने एक मत हो कर कहा कि एसोसिएशन की ओर से मुख्यमंत्री के स्वागत व अभिनंदन के लिए 101 स्वागत गेट बनाए जाएंगे। कृषि उपकरणों की एग्जीबिशन लगाएंगे। इसके साथ ही सभी निर्माता अपनी फैक्ट्रियों के सभी कर्मचारियों को मुख्यमंत्री के स्वागत और आमसभा में जाने के लिए अवकाश देंगे।

## सागर में स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सागर**। कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले में सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। उन्होंने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिला सागर, परियोजना अधिकारी जिला शहरी अभिकरण जिला सागर, महाप्रबंधक, जल निगम सागर जिला सागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत (समस्त) जिला सागर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी निर्देशित किया कि अपने अधिकार क्षेत्र में जल आपूर्ति प्रणालियों का गहन निरीक्षण करें। कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि सुरक्षित स्वच्छ पेयजल व्यवस्था हेतु अपने क्षेत्रांतर्गत जल आपूर्ति हेतु पानी की टंकियों/ पाईपलाईनों का तत्काल निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त पाईप लाइनों की तत्काल मरम्मत की जावे। यह सुनिश्चित किया जावे कि पाईपलाईन में कहीं पर दूषित जल तो नहीं मिल रहा है, यदि पाईप लाईन में दूषित जल पाया जाता है तो तत्काल पाईप लाईन बंद की जाये एवं सुधार होने तक सुरक्षित वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था (टैंकर/अस्थायी कनेक्शन आदि) की जाए। सप्लाई किये जा रहे पेयजल के नियमित रूप से सैम्पल लिये जाकर उनकी जांच करायें।

## सामाजिक उत्तरदायित्व और सहभागिता विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 8-9 को होगा

**सागर**। जीवनपर्यंत शिक्षा विभाग, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्यप्रदेश) तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आई.सी.एस.एस. आर.), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में "उच्च शिक्षा में सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता : राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के संदर्भ में" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 08 एवं 09 जनवरी को किया जा रहा है।संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र 08 जनवरी को विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में प्रातः 10.30 बजे से होगा. मुख्य अतिथि प्रो. चाँद किरण सलूजा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. आर. पी. पाठक, प्रो. कौशल कुमार शर्मा, प्रो. प्रवीण तिवारी एवं प्रो. यशपाल होंगे. समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर करेंगे. इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार जैन एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय भी मंचासीन रहेंगे।

## वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग में सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ

**सागर**। शासकीय कन्या महाविधालय सागर के वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग में, नवाचार सीखने के दृष्टिकोण से 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि संभागीय पेंशन अधिकारी अभयराज शर्मा ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा यदि आपको अपने जीवन में सफल होना है तो आप बड़ी मेहनत करें एवं अभिमान रहित जीवन जिए। प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने उद्घाटन सत्र में साझेदारी अधिनियम की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि विषय के ज्ञान को अपने व्यावहारिक जीवन में अपनाये, तभी आप एक सफल उद्यमी बन सकते हैं। सर्टिफिकेट कोर्स में विषय विशेषज्ञ डॉ. डी. एन. नामदेव ने सम्प्रेषण कला एवं महत्व को समझाया उन्होंने बताया सम्प्रेषण की सार्वभौमिक भूमिका होती है, प्रभावी सम्प्रेषण को अपनाकर आप एक सफल सम्प्रेषक बन सकते हैं। डॉ एम. एम. चौकसे ने शुभकामनाएं संदेश दिया। समन्वयक डॉ. आकर्षा तिवारी ने मंच संचालन किया।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान : कलेक्टर ने केसली के घाना में पशुपालक से चर्चा कर, ली जानकारी

**सागर**। दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तहत कलेक्टर ने केसली के घाना के पशुपालकों के घर पहुंचे जहां उन्होंने पशुओं का अवलोकन किया एवं पशुपालन के संबंध में जानकारी ली। पशुपालक ने बताया कि उनके पास देसी नस्ल की गाय एवं भैंस हैं जिससे अभी वह अच्छा दुग्ध उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। पशुओं का अवलोकन करते हुए पशुपालक को कृत्रिम गर्भाधान एवं नस्ल सुधार करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान से पशु में नस्ल सुधार होता है दूध में वृद्धि देखने को मिलती हैं।



## विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा भारत आवश्यकः अविराज सिंह

**सागर**। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए देश के युवाओं का नशा मुक्त होना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर युवा नेता अविराज सिंह ने नशा मुक्त भारत अभियान को सामाजिक आंदोलन बनाने का आह्वान किया। युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को कमजोर करता है। खुरई नगर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन को लेकर आयोजित रथ सभा को संबोधित करते हुए अविराज सिंह ने नशे से जुड़े गंभीर आंकड़ों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत देशभर में की गई है, जो अब तक 300 से अधिक जिलों तक पहुंच चुका है। इस अभियान से 10 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं और 3 लाख से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को भी इसमें शामिल किया गया है। अविराज सिंह ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति आत्मसंयम, सेवा और त्याग की भावना सिखाती है, न कि भोग और नशे की प्रवृत्ति को बढ़ावा देती है। नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो व्यक्ति के शरीर, मन और समाज को गहराई से प्रभावित करती है। नशे की लत व्यक्ति को आत्म-नियंत्रण से दूर कर उसे विनाश की ओर ले जाती है। यह रथ सभा हनौता, सतनाई, जगदीशपुर, घौरट, टीहर, रुसल्ला, निर्तला सहित अनेक ग्रामों से होकर निकाली गई। इस दौरान युवाओं में उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि आगामी 10 जनवरी को खुरई नगर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत करना खुरईवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस दौरान विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन का भी प्रस्ताव है। उन्होंने बताया कि देश का युवा तेजी से नशे की चपेट में आ रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है।

## संभाग कमिश्नर ने क्षेत्र के संदीपनी विद्यालयों की समीक्षा बैठक में जारी किए निर्देश

# कार्य में प्रगति न देने वाली निर्माण एजेंसी पर पेनल्टी लगाएं, जेडी, डीईओ प्रिंसिपल के साथ निरीक्षण कर हैंड ओवर की कार्यवाही करेंः कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कार्य में प्रगति न देने बाली निर्माण एजेंसी पर अधिकतम पेनाल्टी लगाए, जेडी, डीईओ बीडीसी एवं पीआईयू के अधिकारी संयुक्त रूप से प्रिंसिपल के साथ निरीक्षण कर हैंड ओवर की कार्यवाही करे। साथ ही पूर्ण हो चुके भवन को 26 जनवरी से शुरू करे। उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने संभाग के निर्माणाधीन संदीपनी विद्यालयो की समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर जॉइंट कमिश्नर राजेश शुक्ला, जेडी एस पी एस विशेन, एम कुमार, बीडीसी पीआईयू के अधिकारी मौजूद थे। सुचारी ने कहा कि उन्होंने निर्देश दिए कि सांदीपनि विद्यालय का भवन आधुनिक एवं सर्व सुविधायुक्त बनाएं। विद्यार्थियों के सुझाव भी आमंत्रित करें और अवलोकन भी कराएं। उन्होंने कहा कि विद्यालय का भवन एवं शौचालय दिव्यांग फ्रेंडली होना चाहिए। विद्यालय की छत पर रेलिंग्स बनवाएं ताकि



किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बालक एवं बालिकाओं के अलग-अलग शौचालय बनाए जाएं। दोनों शौचायलयों के बीच पर्याप्त स्थान रखा जाए, आवश्यकता हो तो बीच में बड़ा हॉल या एक कक्ष बनाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालय के क्लासरूम में प्रकाश, पीने के पानी, साफ-सफाई, सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालय के भवन को जल्द से जल्द फाइनल करके हैंडओवर करना सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि सागर संभाग में 37 सांदीपनि विद्यालय निर्माणाधीन हैं जिनमें सागर में 11, दमोह-छतरपुर में 6-6, पन्ना में 8, टीकमगढ़ में 4 एवं निवाड़ी में 2 विद्यालय बन रहे हैं। संभागायुक्त सुचारी ने दमोह, छतरपुर के सांदीपनि विद्यालय में प्रगति न आने पर अप्रसन्नता व्यक्त की एवं निर्देश दिए कि संबंधित निर्माण एजेंसी पर पेनाल्टी लगाएं एवं समय सीमा में निर्माण पूर्ण कराएं। उन्होंने गढ़ाकोटा एवं बीना सांदीपनि विद्यालय के निर्माण कार्य में हो रही देरी के संबंध में आवश्य निर्देश देते हुए कहा कि नए सत्र अप्रैल के पूर्व भवन का कार्य पूर्ण किया जाए साथ में जो भवन पूर्ण हो चुके हैं किंतु लोकार्पित नहीं हुए हैं उनमें कक्षाओं का संचालन शुरू करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में पेयजल की उचित व्यवस्था की जावे साथ में शौचालय की स्वच्छता बनाए रखने के लिए लगातार मॉनीटरिंग की जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि सांदीपनि विद्यालयों का रखरखाव शासन के निर्देशानुसार एवं गाइडलाइन के अनुसार सुनिश्चित किया जाए।

## खबर संक्षेप

### भव्य तरीके से मनाया जाएगा सहकार भारती का स्थापना दिवस

**ललितपुर।** जगदीश मंदिर प्रांगण में सहकार भारती की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 11 जनवरी को होने वाले सरकार भारती की स्थापना दिवस कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद जयंती मनाने हेतु सभी ने विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त कर बहुत ही भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अतिथि के रूप में सहकार भारती के विभाग संयोजक झांसी विभाग अंचल अरजरिया एवं अविनाश द्विवेदी सहित एफपीओ प्रकोष्ठ प्रमुख मीना चौहान, धर्मसिंह कुशवाहा, मथुरा प्रसाद सोनी, रामरतन राय, रवि श्रीवास्तव, शुभम जैन, दिनेश कुमार नायक, रामनिवास नामदेव, अमन रैकवार आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विभूति भूषण चौरसिया ने की।

### टैक्सी पुलिया से मारी दुर्घटना में घायल महिला की झांसी में मौत

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम सौंरई के मुहल्ला मजगुवां में रहने वाले राहुल पुत्र रज्जू सिंह ने ललितपुर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी मां निर्मिला देवी जो कि आशा कार्यकत्री हैं। 22 दिसम्बर को करीब 4 बजे उसकी मां ललितपुर से टैक्सी संख्या यू.पी.94 टी. 3836 से घर वापिस जा रही थी। ग्राम रोंडा बिजोरिया पुल के पास टैक्सी पहुंची ही थी कि तभी ड्राईवर ने लापरवाही के चलते पुलिया में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में उसकी मां निर्मिला को सिर में काफी गंभीर चोट आयीं थी। जिसको जिला अस्पताल में उपचार के लिए गंभीर हालत में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। हालत में कोई सुधार नहीं होने के कारण इलाज के दौरान 29 दिसम्बर को मेडीकल कॉलेज में मृत्यु हो गयी। इलाज में व्यस्त होने के चलते वह 5 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर टैक्सी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 व 281 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### टैक्सी चालक ने दिव्यांग को धमकाया, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अन्तर्गत ग्राम भौंरदा में रहने वाले सेंदपाल सिंह पुत्र नत्थूराजा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह पैर से दिव्यांग है और वह अपने गांव के दोस्त रामगोपाल के साथ टैक्सी से ललितपुर अपने काम से आता जाता है। 2 जनवरी को अपराह्न 3 बजे कैलगुवां रोड एब्रोसिया कालोनी के बगल में पवन जैन की दुकान के सामने ही आरोपी सुकलाल यादव पुत्र हरप्रसाद के साथ टपरियन गांव में रहने वाले मानसिंह पुत्र सोबरन यादव दोनों ने बिना कारण गालियां देते हुये हाथ पकड़ धक्का-मुक्की कर दी। जब उसके दोस्त ने टैक्सी ड्राईवर से कहा कि तुम साथ चलो जबकि वह स्वयं अपने निजी खर्चे पर ड्राईवर को लेकर के आया था तो ड्राईवर के न जाने पर उसको ही जान से मारने की धमकी देने लगा व ठाकुर जैसे शब्दों को गलत बोलते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 131, 351 (3), 352 के तहत एफआइआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### लोडिंग टैक्सी ने वृद्ध को मारी टक्कर, मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सीरोंनकलां निवासी छोटू लोधी पुत्र महेन्द्र सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 4 जनवरी को शाम करीब 7.30 बजे उसके 70 वर्षीय दादाजी गोविन्ददास लोधी पुत्र भिम्मे घर के बाहर खड़े हुये थे। तभी सामने से अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से लोडिंग टैक्सी नं. यू.पी.94 टी. 6347 चलाता हुआ आया और उसके दादाजी को टक्कर मार दी, जिससे दादा को गंभीर चोटें आयीं। घायल दादा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जखौरा में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसके दादा का उपचार किया जा रहा है।

### सर्द हवाओं का सितम जारी, निराश्रित व्यक्तियों को पहुंचाया रैन बसेरा

# शहर में अलाव की देखी व्यवस्थाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी सत्यप्रकाश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में पालिका की टीम द्वारा रात्रि में रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, प्रमुख चैराहों, हॉस्पिटल, मंदिरों आदि के आसपास खुले में सो रहे गरीब, असहाय निराश्रित व्यक्तियों को पालिका द्वारा संचालित किये जा रहे रेन बसेरों में पहुंचाये जाने हेतु अभियान चलाया गया।

इस दौरान टीम द्वारा कई निराश्रित व्यक्तियों को रेन बसेरा में पहुंचा गया। अभियान में रात्रि टीम द्वारा रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल सहित विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाते हुए निराश्रित व्यक्तियों के लिए जागरूक किया गया। राजस्व निरीक्षक आशुतोष द्वारा समस्त निराश्रित व्यक्तियों से अपील की गई कि जिला प्रशासन व नगर पालिका द्वारा शीत लहर के बचाव हेतु कोतवाली सदर के सामने व डाईट के सामने स्थित रेन बसेरा का संचालन किया जा रहा है, जो भी व्यक्ति रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल आदि स्थलों पर रात्रि में खुले में सो रहे है वह उक्त स्थलों पर पहुंचकर विश्राम कर सकते है। इसके अलावा टीम में मौजूद वरिष्ठ लिपिक अभिषेक चौबे द्वारा रेन बसेरा, सेल्टर होम एवं पालिका द्वारा जलाये जा रहे अलावा आदि का निरीक्षण किया गया, जहां पर सस्मस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई गई। वहीं रेन बसेरा में तैनात कर्मचारियों को निर्देशित किया गया किया कोई भी रेन बसेरा के आसपास खुले में न सोये, जो भी व्यक्ति रेन बसेरा में आश्रय लेने आता है, उसकी जानकारी तथा पहचान सम्बन्धी दस्तावेज लेकर उन्हें आश्रय दिलाये जाना सुनिश्चित करें। ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि शीतकालीन ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका द्वारा 02 टीमों का गठन किया गया है, जिसमें टीम 01 में 13 कर्मचारी एवं टीम 02 में 14 कर्मचारी तैनात किये गये है, जो रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल, प्रमुख चैराहों, हॉस्पिटल, आस पास खुले में सो रहे व्यक्तियों से संपर्क कर रेन बसेरा में आश्रित होने हेतु जागरूक करेगें। इसमें राजस्व निरीक्षक आशुतोष, लिपिक हबीब खान, लिपिक अभिषेक चौबे, लिपिक चन्द्रविनोद मिश्रा, लिपिक अमित पाराशर, देवकी कुशवाहा, सुनील कुमार, सुनील डोडवानी, फरदीन खान सहित पालिका अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### जैन बैंकर्स फोरम यूनिट ने किया स्वेटर व गर्म वस्त्र वितरण

## अतिशय क्षेत्र नवागढ़ गुरुकुल में बच्चों के चेहरे खिले



**ललितपुर।** जैन बैंकर्स फोरम यूनिट के तत्वावधान में अतिशय क्षेत्र नवागढ़ स्थित गुरुकुल में सेवाभाव से प्रेरित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गुरुकुल में अध्ययनरत बच्चों को स्वेटर एवं अन्य गर्म वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में वीरचंद जैन ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सनत कुमार जैन, विजय कुमार जैन, राजकुमार जैन, गौरव जैन उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अशोक कुमार जैन, सुरेंद्र सिंघई, सर्वज्ञ जैन, मयंक जैन, प्रतीक जैन, संतोष जैन, शशिवाला जैन सहित जैन बैंकर्स फोरम के अनेक सदस्य तथा गुरुकुल के सभी आचार्यगण एवं स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जैन बैंकर्स फोरम के पदाधिकारियों ने बच्चों को स्वेटर एवं मौजे प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की मूल आवश्यकताओं की पूर्ति करना समाज का दायित्व है।

### अस्थि रोग विभाग की कामयाबी

## मेडिकल कॉलेज में महिला के घुटने का सफल प्रत्यारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

नई बस्ती में रहने वाली 75 वर्षीय गुलाबरानी पत्नी रामसिंह का वायें घुटने का सफल प्रत्यारोपड़ किया गया। मरीज लगभग 02 वर्ष से घुटनों में दर्द से काफी परेशान थी। उन्होने कई बड़े शहरों में जाकर परामर्श लिया, जहां पर उन्हे घुटने बदलने के ऑपरेशन की सलाह दी गयी। मरीज की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण उन्होने अंततः मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग में परामर्श लिया। मरीज को विश्वास दिलाया गया कि यह ऑपरेशन सफलता पूर्वक मेडिकल कॉलेज में सम्भव है एवं प्रधानामंत्री की आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत पूर्णतः निःशुल्क है। मरीज ने आयुष्मान भारत योजना द्वारा अपना ऑपरेशन करवाया। एक माह बाद वह पूर्णतः चलने फिरने एवं सीढी स्वयं चढने उतरने में दर्द के बिना सक्षम है। इस जटिल ऑपरेशन की टीम में सह आचार्य डा.सौरभ, सहायक आचार्य डा.शुभम, वरिष्ठ परामर्शदाता डा. एम.सी. गुप्ता, ऑर्थो सर्जन डा.निर्भय नारायण सिंह, सहायक आचार्य डा.कौशल बिजलानी, निश्चेतना विभाग डा.चेतनराज, ओ.टी. इंचार्ज मंजू वर्मा, पूनम साहू, शैलेन्द्र, अजय आदि शामिल थे। इस प्रकार के जटिल ऑपरेशन अब जनपद की जनता को मेडिकल कॉलेज द्वारा निरन्तर प्रदान किये जा रहे हैं, जो कि कभी किसी समय में सिर्फ बडे महानगरों में सम्भव थे। प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला ने मरीज से हाल-चाल पूंछा गया।

# शैक्षणिक भ्रमणः कार्यशाला के प्रतिभागियों ने जानी भारतीय स्थापत्य कला विशिष्टता

### 21 दिवसीय प्राकृत भाषा कार्यशाला में 7 राज्यों के प्रतिभागी शामिल



**ललितपुर।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली एवं प्राकृत भाषा विकास फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय प्राकृत भाषा अध्ययन कार्यशाला के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण अत्यन्त सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

यह शैक्षणिक यात्रा सिद्धक्षेत्र नैनागिरि से प्रारम्भ होकर श्रीनेमगिरि, पजनारी, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक नगरी धामोनी, ऐतिहासिक व पुरा वैभव संपन्न मदनपुर एवं विंध्यगिरि की सुरम्य पर्वतमालाओं एवं धसान नदी के पावन तट स्थित अतिशय गिरार जी तथा अवार माता तक सम्पन्न हुई। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को प्राकृत भाषा की जीवंत परम्परा, भारतीय स्थापत्य कला की विशिष्टता, धार्मिक आस्था के केंद्रों तथा सांस्कृतिक-पुरातात्विक धरोहरों से प्रत्यक्ष रूप में परिचित कराना रहा। भ्रमण के दौरान प्रत्येक स्थल पर उसके ऐतिहासिक, भाषिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर विद्वानों द्वारा सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किए गए, जिससे प्रतिभागियों का बौद्धिक क्षितिज विस्तृत हुआ। दल का कुशल मार्गदर्शन प्रो.कमलेश जैन, डा.धर्मेन्द्र जैन, डा.प्रभात कुमार दास ने किया। संयोजक डा.आशीष आचार्य के संयोजन एवं नेतृत्व में यह शैक्षणिक यात्रा अत्यन्त अनुशासित, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सिद्ध हुई। इस भ्रमण ने प्रतिभागियों में प्राकृत भाषा एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के प्रति नई चेतना, उत्साह और शोधाभिमुख दृष्टि का सशक्त संचार किया। मीडिया प्रभारी डा.सुनील संचय ने बताया कि मप्र, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल कुल 7 राज्यों के प्रतिभागी इस कार्यशाला में सम्मिलित हो रहे हैं। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बुंदेलखंड के पुरा वैभव और सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हुए। प्रतिभागियों और शिक्षकों ने मदनपुर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का अवलोकन किया।

### यातायात पुलिस का राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में जन-जागरुकता अभियान

# सड़क सुरक्षाः हेलमेट सिर पर सुरक्षित घर पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया।

अभियान में यातायात पुलिस ने वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के संबंध में जागरूक किया। अभियान में विशेष रूप से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने के नियम का पालन, रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने एवं निर्धारित दिशा में ही वाहन चलाने की अपील, कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं तथा आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें। वाहन चलाते समय हेडलाइट, फॉग लाइट



एवं रिफ्लेक्टर का सही प्रयोग करें, हाई बीम का अनावश्यक उपयोग न करें तथा दृश्यता कम होने पर सावधानीपूर्वक वाहन संचालित करें की जानकारी दी गयी। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यह भी जागरूक किया जा रहा है कि नशे की हालत में वाहन चलाना गंभीर अपराध है, जिससे न केवल चालक बल्कि अन्य राहगीरों के जीवन को भी खतरा उत्पन्न होता है। नशे में वाहन चलाने पर कानून के तहत कठोर दण्डात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। अतएव सभी वाहन चालकों से अपील की जाती है कि नशे की स्थिति में वाहन बिल्कुल न चलाएं। तत्पश्चात, यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए कुल 78 चालान किए गए। यातायात पुलिस ललितपुर आमजन से अपील की है कि वह यातायात नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें तथा दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें।

### बेड़े पर अवैध कब्जा हटाने की धमकी, दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम नयागांव कलां में रहने वाले प्रतिपाल सिंह पुत्र समर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह घर के पास बेडे पर जण्डैल सिंह पुत्र चन्दन सिंह, चाली सिंह पुत्र चन्दन सिंह, राजीव सिंह पुत्र जण्डैल सिंह, निखिल सिंह पुत्र चाली सिंह उसके बेडे पर अवैध तरीके से कब्जा किये हुये है। पीड़ित ने जब उक्त लोगों को मना किया तो उक्त लोगों ने कब्जा हटाने से मना करते हुये उसे व उसकी पत्नी ममता राजा के साथ बात-विवाद करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। बताया कि 5 जनवरी को सुबह 7.30 बजे जब वह अपनी पत्नी के साथ घर पर था, तभी उक्त लोग आये और उसकी पत्नी के कारण विवाद करने लगे। आरोप है कि उक्त लोग एकराय होकर मारपीट पर उतारू हो गये और गांव छोड़कर भागने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने बताया कि उसे जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### समाज ने किया फूलमालाएं पहनाकर स्वागत

# राष्ट्रीय संगठन सचिव बने संजू कप्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

बाल्मीकि समाज के वरिष्ठ समाजसेवी सभी के सुख-दुख में शमिल रहने, कर्मचारियों के हितों की रक्षार्थ सदैव तत्पर रहने वाले संजय करोसिया संजू कप्तान को अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश करोसिया द्वारा राष्ट्रीय संगठन सचिव बनाया। संजय करोसिया संजू कप्तान को राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा सौंपी गयी जिम्मेदारी की खबर मिलते ही उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के नेतृत्व में संजय करोसिया (संजू कप्तान) को फूलमाला, स्वागत पगड़ी पहनाकर, मिठाई खिलाकर बाबा साहेब भारतरत्न डा.भीमराव अम्बेड़कर का स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत अवसर पर नारेबाजी



की गयी। साथ की संघ व समाज के लोगो ने संजू कप्तान को राष्ट्रीय नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपने पर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया। इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष मंजीत करोसिया, बृजेश नहारिया, नवल घावरी, जितेन्द्र करोसिया, राजकुमार नाहार, अमित करोसिया, रामू चौहान, वीरेंदर महरोलिया, महेंद्र नरवारे, राजेश सफेरा, अरविन्द आगवान, रवि बाल्मीकि, सुनील सैदपुर, कृष्ण कुमार, रहमान आदि शामिल रहे। अंत में नव मनोनीत संजू कप्तान ने सभी का आभार व्यक्त कर समाज व कर्मचारी हित मे सदैव कार्य करने की बात की।

### देहरीपामा के जंगल हत्याकांड का खुलासा

## संदेह के आधार पर पकड़ने पहुंची पुलिस आरोपी भागने लगा, दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶लटेरी

लटेरी पुलिस ने देहरीपामा जंगल में हुई हत्या का 24 घंटे में ही खुलासा कर एक आरोपी को दबोच लिया।

घटना 3 जनवरी की है जब देहरीपामा के जंगल में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की सूचना मिलने पर थाना लटेरी पुलिस मौके पर पहुंची। जहां अर्जुन बंजारा पिता बाबूलाल बंजारा उम्र 40 साल निवासी देहरीपामा का शव मिला। जिसकी पहचान उसके भाई रमेश बंजारा ने की। मुखबिर से प्राप्त सूचना के अनुसार हत्या में वीरम भील की संलिप्तता सामने आई।

**मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया।**

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ग्राम रायपुरा पहुंची। जहां संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी वीरम सिंह भील पिता देवीसिंह भील उम्र 26 साल निवासी ग्राम रायपुरा ने हत्या करना स्वीकार किया।

# वाटर फिल्टर प्लांट पहुंचे कलेक्टर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश

**फिल्टर प्लांट के निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने बेतवा नदी की स्थिति थी देखी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पानी के शुद्धिकरण की प्रक्रिया और मशीनरी देखी। फिल्टर प्लांट के संचालन से जुड़ी जानकारी ली। इस दौरान विधायक मुकेश टंडन भी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद प्लांट परिसर की निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए तत्काल सीसीटीवी कैमरे लगाने निर्देश दिए। इससे प्लांट संचालन में पारदर्शिता बनी रहेगी। इस दौरान नपा सीएमओ, सहायक यंत्री एवं जलप्रदाय प्रभारी मौजूद रहे। वहीं विधायक एवं कलेक्टर ने बेतवा नदी का भी अवलोकन किया।



**विदिशा।** अधिकारियों के साथ फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर।

### अस्पताल की सुविधाओं में सुधार पर दिया जोर

**कुरवाई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक विधायक हरिसिंह सप्रे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एसडीएम मनीष जैन सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद दीवान ने एजेंडा प्रस्तुत किया। तीमारदारों के ठहरने स्थान को अतिक्रमण मुक्त कराने का प्रस्ताव पारित हुआ। अस्पताल परिसर की दुकानों द्वारा अनुबंध शर्तों के उल्लंघन पर नोटिस, बकाया किराया वसूली और किराया वृद्धि का निर्णय लिया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व सेवाओं पर संतोष जताया।

### मंदिर में गणेश की बाईस भुजाओं से सुसज्जित अद्वितीय प्रतिमा विराजित

# एक दिवसीय गणेश मेला में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶बानपुर ललितपुर

**कस्बा के मजरा गणेशपुरा में गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश मन्दिर परिसर में आयोजक मेला समिति द्वारा विशाल मेले का आयोजन किया गया।**

मेले के आयोजन में सर्वप्रथम सुबह विघ्नविनाशक भगवान गणेश का विधिवत श्रृंगार कर भव्य आरती उतारी गयी व प्रसाद वितरण किया गया। मेले में भक्तगण एक ओर गायन शैली में भगवान गणेश की लीलाओं का गान कर रहे थे। मेले में काफी दुकाने लगी हुयी थी जिनसे लोग अपनी आवश्यकताओं की वस्तुऐं खरीद रहे थे।

इस दौरान युवाओं और बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। मेले में बानपुर कस्बे के आस-पास के दर्जनों गांवो के ग्रामीण उपस्थित रहे। मेले में एक और बुन्देलखण्डी पारम्परिक गायन शैरा की मण्डलियां भी शैरा गायन कर रही थी। गौरतलब है कि मन्दिर में विराजित भगवान गणेश की 22 भुजाओं से सुसज्जित प्रतिमा है जो कि अद्वितीय है। आज मेले के दिन हर कोई गणेश जी के दर्शन करना चाह रहा था, लेकिन मन्दिर



परिसर में तिल रखने की भी जगह नहीं थी। भीड़ अत्यधिक होने की बजह से ऐसा लगा जैसे मानो आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ा हो। देर शाम तक लगातार भक्तों का आना लगातार जारी है।

### शहर के बीचोंबीच बन और बिक रही अवैध शराब, प्रशासन को पता नहीं!

# शराब के अवैध कारोबार को रोकने महिलाओं ने पाली रोड पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बुधवार को शहर के पाली रोड पर एकीकृत बस स्टैंड के पास आदिवासी महिलाओं ने उनकी बस्ती में अवैध रूप से शराब बनाने और उसकी बिक्री रोकने को लेकर प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया। जाम लगने से बाजार में दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाने का भरसक प्रयास किया लेकिन जाम की अगुवाई कर रही महिलाएं जाम खोलने को राजी नहीं हुई बाद में पुलिस ने स्थानीय लोगों को साथ लेकर शराब कारोबार लिप्त लोगों के घर पहुंचकर दबिश दी तब जाम खोला गया। महिलाओं का आरोप है कि उनकी बस्ती में अवैध रूप से शराब बनाई और बेची जा रही है इस अवैध रूप से बनाई और बेची जा रही शराब में जहरीले कैमिकल मिलाए जा रहे हैं जिससे कभी भी कोई जनहानि हो सकती है आश्चर्य की बात यह है कि शहर के बीचों बीच अवैध रूप से शराब बनाने और बेचने का कारोबार चल रहा है और प्रशासन को कानो कान खबर तक नहीं है।

शहर के पाली रोड पर जमा लगाकर प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने बताया कि उनकी बस्ती में लंबे समय से कच्ची शराब बनाई और बेची जा रही है, जिससे उनके परिवार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। घरों में रोज़ाना झगड़े, मारपीट और आर्थिक तंगी बढ़ती जा रही है। महिलाओं का आरोप है कि कम उम्र के बच्चे भी शराब के आदी होते जा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य खतरे में पड़ गया है। कई बार थाने और संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद शराब बेचने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे मजबूर होकर उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शराब बेचने वाले के घर दबिश देने की बात कही, तब जाकर महिलाओं ने चक्काजाम खोला। इसके बाद पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों को साथ लेकर कथित शराब विक्रेताओं के घरों पर दबिश दी, हालांकि मौके पर कोई भी आरोपी नहीं मिला।

पुलिस ने बताया कि जिन लोगों पर कच्ची शराब बेचने का आरोप है, उनके परिजनों को सूचित कर संबंधित व्यक्तियों को थाने में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर प्रदर्शनकारी महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कच्ची शराब की बिक्री बंद नहीं हुई और आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे दोबारा उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगी। महिलाओं के इस विरोध प्रदर्शन से एक बार फिर शहर में अवैध शराब के कारोबार पर सवाल खड़े हो गए हैं।




#### शराब को लेकर लंबे समय से आंदोलन करते रहे हैं लोग

श्योपुर और शराब के विरुद्ध प्रदर्शन इतिहास बन चुका है। मछली मार्केट वार्ड क्रमांक 20 में शराब की दुकान को हटाने को लेकर बस्ती वासियों ने लंबे समय तक आंदोलन किया एक दशक चले आंदोलन के बाद उक्त शराब की दुकान वहां से हटाई तो नगर पालिका के शॉपिंग मॉल में लगा दी गई जिसका विरोध शहर के सभी नागरिकों ने किया फिर इस दुकान को बंजारा डैम के ऊपर हसनपुर हवेली में लगा दी गई वहां पर बस्ती वासियों ने विरोध प्रदर्शन किया यहां पर बस्ती वासियों के खिलाफ एफआईआर करवा कर प्रशासन ने जबरदस्ती दुकान लगाकर शराब बिकवाई। इससे पहले नागदा रोड पर स्कूल के पास शराब की दुकान खोले जाने का विरोध अभिभावकों ने किया था और उससे भी पहले सलापुरा पुल के पास शराब की दुकान को हटवाने की मांग को लेकर आदिवासियों ने प्रदर्शन किया था जिसमें दुकान की तोड़फोड़ की गई थी कई लोगों पर एफआईआर भी हुई थी।



#### अद्धा पव्वा पकड़ने वाली पुलिस को नहीं दिख रहा शराब का अवैध कारोबार

नशा विरोधी अभियान के नाम पर आए दिन अद्धा पव्वा पकड़ कर अपनी उपलब्धि बताने वाली पुलिस को शहर के बीचों बीच नाक के नीचे चल रही अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री और उसके व्यवसाय की कानों कान खबर नहीं होना आश्चर्य जनक है। वैसे तो शहर के आसपास बगवाज ओर ढेंगदा ऐसे गांव है जहां अवैध रूप से शराब बनाने और बेचने का व्यवसाय धड़ल्ले से किया जाता है पर शहर के बीचो-बीच वार्ड क्रमांक 17 में शराब बनाने और बेचने का कारोबार हो और पुलिस को खबर भी नहीं हो यह आश्चर्य जनक बात है ज्ञात हो कि इस तरह की शराब बनाने में जहरीले तत्व भी मिलाए जाते हैं। कई बार इस तरह की अवैध शराब पीने से देश के कई हिस्सों में लोगों की मौत हो चुकी है। लोगों का कहना है कि श्योपुर की पुलिस और प्रशासन और आबकारी विभाग इसको लेकर गंभीर कब होगा।


### भागवत कथा में तीसरे दिन भागवत कथा में ध्रुव, प्रहलाद चरित्र का वर्णन

# विपत्तिकाल कितना भी बड़ा क्यों न हो? भगवान के नाम का सहारा न छोड़े:महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के एकीकृत बस स्टैंड स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही श्रीमद भागवत कथा में तीसरे दिन बुधवार को कथा व्यास आचार्य कृष्ण मुरारी महाराज ने ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र और वामन अवतार का वर्णन किया।

कथा व्यास आचार्य कृष्ण मुरारी महाराज ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि राजा उत्तानपाद की दो रानियां थीं - सुरुचि और सुनीति। सुरुचि के पुत्र उत्तम और सुनीति के पुत्र ध्रुव थे। राजा सुरुचि को अधिक प्रेम करते थे। एक बार बालक ध्रुव ने पिता की गोद में बैठने की जिद की, लेकिन सुरुचि ने उसे रोक दिया। ध्रुव ने रोते हुए अपनी मां सुनीति को ये बात बताई। मां ने उसे भगवान की शरण में जाने को कहा।



पांच वर्षीय ध्रुव राज्य छोड़कर वन में तपस्या के लिए चले गए। रास्ते में नारदजी मिले और उन्होंने ध्रुव को समझाया, लेकिन ध्रुव ने परमपिता की गोद में बैठने की इच्छा व्यक्त की। उनकी कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें वरदान दिया।

भक्त प्रहलाद की कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि यदि पिता कुमार्ग पर चले तो पुत्र का कर्तव्य है कि वो उसे सही मार्ग पर लाए। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्रहलाद ने भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा। भगवान ने नरसिंह रूप में अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध किया और प्रहलाद को परमधाम पहुंचाया। उन्होंने कहा कि चाहे जितना भी विपत्ति काल क्यों न आ गया हो लेकिन हमे ईश्वर के नाम का सहारा नहीं छोड़ना चाहिए। वही हर कष्ट और दुखों का निवारण करते हैं। उन्होनें बताया कि भगवान सिर्फ भाव के ही भूखे हैं। जो भी जन उनके प्रति समर्पित भाव रखते हैं उनका बेड़ा अवश्य पार होता है।

### बड़ौदा के नए एसडीओपी जल्द श्योपुर पहुंचकर संभालेंगे अपना पदभार

# कानून व्यवस्था में कसावट लाना रहेगी प्राथमिकता: अवनीत शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना का स्थानांतरण हो गया है। उन्हें अब सागर जिले में खुरई एसडीओपी के रूप में नई पदस्थापना दी गई है। उनकी जगह अब अवनीत शर्मा बडौदा के नए एसडीओपी बनाए गए है। डीएसपी अवनीत शर्मा वर्तमान में शिवपुरी जिले में अजाक डीएसपी के रूप में पदस्थ है। जहां से उन्हें शासन के द्वारा श्योपुर जिले में नई पदस्थापना दी गई है।

बडौदा के नवागत एसडीओपी अवनीत शर्मा ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि वे जल्द ही शिवपुरी जिले से रिलीव होकर श्योपुर जिले में पहुंचकर विधिवत



रूप से अपना पदभार संभाल लेगे। उन्होने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि कानून व्यवस्था में कसावट लाई जाएगी। पुलिस और आमजन के बीच संबंधो में मधुरता बढे और अपराधी तत्वों में पुलिस का खौफ बढे,इसके लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। शासन के निर्देशों के साथ साथ पुलिस कप्तान के निर्देशो का प्रभावी ढंग से पालन हो,इस दिशा में भी तत्परता के साथ काम किया जाएगा। यहां बता दें कि अवनीत शर्मा की श्योपुर जिले में यह दूसरी पारी है। इसके पहले वे बतौर उप निरीक्षक अपनी पारी श्योपुर जिले में खेल चुके है। जिस समय डकैत देवा बंजारा ने अगरा थाना क्षेत्र में शिक्षकों का अपहरण करके पूरे प्रदेश में सनसनी फैला दी थी, उस समय अगरा थाने के प्रभारी अवनीत शर्मा ही थे। शिक्षकों को डकैतो के चंगुल से छुडाने में अगरा थाना प्रभारी अवनीत शर्मा की अहम भूमिका रही थी। अगरा के बाद शर्मा ने गसवानी थाने में भी बतौर थाना प्रभारी अपनी सेवा दी थी।

# प्रकाश पर्व में शामिल होने गुरुद्वारा पहुंचे कलेक्टर, गुरुग्रंथ साहिब को मत्था टेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सिख धर्म के 10वें धर्मगुरु गुरु श्री गुरूगोविंद सिंह जी का 359वां जन्मोत्सव श्योपुर स्थित गुरुद्वारे में प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अर्पित वर्मा गुरूद्वारा पहुंचे तथा गुरुग्रंथ साहिब को मत्था टेका।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष जुगल बंसल भी प्रकाश पर्व में शामिल हुए।

श्योपुर स्थित गुरूद्वारे में आयोजित प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा भी गुरूद्वारा पहुंचे तथा श्रद्धालू श्रोता के रूप में गुरूवाणी में शामिल हुये। कलेक्टर अर्पित वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का गुरूद्वारा पहुंचने पर सिख समाज के धर्मगुरू सोहन सिंह सहित अन्य सेवादारो द्वारा पीला अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सहित अधिकारियों द्वारा सिख परम्परा के अनुरूप गुरूद्वारे में गुरूग्रंथ साहिब पर माथा टेक कर दर्शन लाभ लिया और परम्परा अनुसार लंगर में शामिल हुए।



# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्रांगण में किया पौध रोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एक पेड भविष्य के नाम अभियान के तहत एनएसयूआई श्योपुर के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पीएम एक्सीलेंस ऑफ कॉलेज श्योपुर के प्रांगण में पौध रोपण किया।

दरअसल एनएसयूआई के द्वारा पौध रोपण का यह अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। जिसमें एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के द्वारा बढ चढकर भागीदारी की जा रही है।

इसी क्रम में श्योपुर कॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान श्योपुर के एसएनएसयूआई कार्यकर्ताओ ने उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए पौध रोपण किया। इस मौके पर कॉलेज अध्यक्ष सुरेंद्र मीणा, पीयूष शिवहरे, प्रदुम मीणा, दीपक राव, कपिल सेन सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कराहल में हिंदू सम्मेलन कल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कराहल

कराहल कस्बे में 9 जनवरी को मंडल स्तरीय हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजन समिति के मुताबिक 9 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन श्री बांके बिहारी मैरिज गार्डन में किया जाएगा। मंशापूर्ण हनुमान मंदिर से विशाल कलश यात्रा बांके बिहारी मैरिज गार्डन तक निकली जाएगी समिति सदस्यों ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को एक सूत्र में पिरोना, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण एवं सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना है। समिति ने अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

# आज अगरा में लगेगा शिविर

**श्योपुर।** आठ जनवरी को उप तहसील भवन अगरा में दिव्यांग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। विजयपुर क्षेत्र के दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए श्योपुर जिला अस्पताल न आना पडें। इसके लिए कलेक्टर द्वारा रोस्टर निर्धारित किया गया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 8 जनवरी एवं 12 फरवरी को अगरा में, 12 मार्च को गसवानी हाईस्कूल में, 09 अप्रैल को जनपद पंचायत कार्यालय विजयपुर में, 14 मई को पंचायत भवन वीरपुर में तथा 11 जून को हायर सैकेण्डरी स्कूल रघुनाथपुर में शिविर आयोजित किये जायेगे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उक्त शिविरों में मेडिकल बोर्ड के प्रोटोकॉल अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सको की उपस्थित सुनिश्चित की जाए।

# शिक्षित बालिका सशक्त व समृद्ध समाज निर्माण की गारंटी:अम्ब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बालिका सशक्तिकरण के लिए तमाम योजनाएं संचालित की जा रही है महिला एवं बाल विकास विभाग स्कूल शिक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग इन योजनाओं को संचालित कर रहा है लेकिन बालिका को सशक्त बनाने का अचूक हथियार सिर्फ शिक्षा है अगर बालिका शिक्षित हो गई तो न सिर्फ वह खुद सशक्त होगी बल्कि समाज को सशक्त और समृद्ध बनाने का काम करेगी।यह बात जिला महिला बाल विकास अधिकारी महेंद्र अंब ने महात्मा गांधी सेवा आश्रम में बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने हेतु पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही।




महात्मा गांधी सेवा आश्रम द्वारा इम्पेक्ट के सहयोग से संचालित बालिका शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में पहुंचे डीपीओ महेन्द्र सिंह अम्ब ने वहां मौजूद बालिकाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में महात्मा गांधी सेवा आश्रम के प्रबंधक जयसिंह जादोन ने संस्था का परिचय देते हुए बताया कि आश्रम लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुये मौसमदीन ने कहा कि महात्मा गांधी सेवा आश्रम द्वारा संयुक्त रूप से संचालित बालिका शिक्षा कार्यक्रम के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यालय से वंचित बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने एवं उनके समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम समन्वयक राधाबल्लभ जांगिड़ द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया जाए: सौम्या आनंद



**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जिले के विद्यार्थियों के बोर्ड परीक्षा परिणामों में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल "परिणाम से प्रगति अभियान" के अंतर्गत आज डाइट श्योपुर में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने कहा कि शैक्षणिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया जायें। इस अवसर पर डीईओ एमएल गर्ग, सहायक संचालक यश जैन, तीनों विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिले के समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। जिपं सीईओ ने पूर्व वर्षो के बोर्ड परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करने के साथ ही कमजोर विद्यार्थियों की विषयवार एवं कक्षावार सूची बनाकर उन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथही रेमेडियल कक्षाएं, विषयवार प्रशिक्षण, अच्छे शिक्षकों द्वारा कमजोर विद्यालयों को नियमित मार्गदर्शन, अतिरिक्त कक्षाएं, सरल एवं प्रभावी शिक्षण पद्धति, छोटे-छोटे परीक्षण तथा पिछले 8-10 वर्षो के प्रश्नपत्रों के अभ्यास पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही अपार आईडी, बोर्ड परीक्षाएं, एमपी-टास सहित अन्य शैक्षणिक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा सभी प्राचार्यो को नियमित निगरानी, मासिक समीक्षा के निर्देश दिए।

### सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता से करें:सीईओ

# तीनो ब्लॉक मुख्यालयों पर बनेंगे आनंद भवन सांस्कृतिक भवन की भूमि के सीमांकन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर, विजयपुर एवं कराहल ब्लॉक मुख्यालयों पर आनंद भवन निर्माण के लिए भूमि का चिन्हांकन कर आवंटन किया जाए। तीनो एसडीएम आनंद विभाग से समन्वय कर भूमि के लिए उपयुक्त स्थानों का चिन्हांकन सुनिश्चित किया जायें। इसके साथ ही 5 करोड रूपये की लागत से टिकटोली में बनने वाले सांस्कृतिक भवन के लिए आवंटित की गई भूमि का सीमांकन कराते हुए भूमि नोडल एजेंसी जनजाति कार्य विभाग को सुपुर्द की जाए। यह निर्देश बुधवार को जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए है। बैठक में एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा, तहसीलदार कराहल रोशनी शेख सहित अन्य अधिकारी वर्चुअली माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि एनआरएलएम अंतर्गत श्योपुर एवं विजयपुर में 78-78 लाख रूपये की लागत से बनने वाले आजीविका भवनों के लिए भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है, उक्तानुसार भूमि का आवंटन करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग अंतर्गत 96 लाख की लागत से बनने वाले बागवानी और खाद प्रसंस्करण ज्ञान प्रसार केन्द्र के लिए उपयुक्त स्थान पर भूमि का चिन्हांकन सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने सांदीपनि स्कूल श्योपुर में बनने वाले बालक एवं बालिका छात्रावासों के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही प्रचलित करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये।




#### आंनद उत्सव 14 से 28 जनवरी तक

सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि शासन के निर्देशानुसार 14 से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव का आयोजन किया जायेगा, इसके अंतर्गत पंचायत, विकासखण्ड तथा जिला स्तर पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित होगी। तीन-तीन पंचायतों को मिलाकर कलस्टर बनाये गये है, जहां पर पंचायत स्तर के आयोजन होगे। उन्होंने कहा कि एसडीएम एवं सीईओ जनपद आनंद उत्सव के अंतर्गत गतिविधियां कराया जाना सुनिश्चित करें।

#### कोई भी शिकायत नॉन अटेंडेन्ट न रहें

सीईओ सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में सकारात्मक रूप से किया जायें। कोई भी शिकायत नॉन अटेंडेन्ट न रहें, एल-3 पर भी शिकायतों को अटेंन्ड किया जायें। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई, सीएम मॉनिट तथा टीएल मार्क आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी लक्ष्य के अनुसार कार्य करें तथा लोगों की समस्याओं का गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित करें। टीएल मार्क आवेदनों के लिए उन्होंने अगले सप्ताह तक एसडीएम श्योपुर को 04, डूडा को 05, एसडीएम विजयपुर को 05, जिला पंचायत को 10, महिला बाल विकास को 05, जनजातीय कार्य विभाग को 02, पीएमजीएसवाय को 02, ई-गर्वेनेस को 02, माईनिंग को 03 प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य प्रदान किया। उन्होंने लोक सेवा अंतर्गत समयावधि से बाहर होने वाली सेवाओं में संबंधित पदाभिहित अधिकारियों पर जुर्माना लगाने के निर्देश भी दिये। सीईओ ने ई-आफिस ऑपरेट नही करने वाले 9 विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस संबंध में वे संबंधित कर्मचारियों को ई-दक्ष केन्द्र में ई-फाईलिंग का प्रशिक्षण दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के कार्य की समीक्षा के दौरान शेष 12 हजार 337 लंबित हितग्राहियों के कार्ड बनाये जाने के निर्देश दियें।

## खबर संक्षेप

### 47 लीटर अवैध शराब के साथ एक बाईक बरामद

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत पुलिस ने चन्द्रभान यादव निवासी गुड़ा टांका और एक अन्य व्यक्ति को तिराहे पर गिरफ्तार किया है जहां से आरोपी के पास से 47 कच्ची शराब का परिवहन करना एवं एक बाईक भी बरामद की गइ है।

### 280 ग्राम गांजा बरामद

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम भुकावली के मोड के पास से पुलिस ने मुन्ना पुत्र सौकत खान के पास से 280 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी के विरूद्ध नारकोटेक्स के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत प्राणपुर निवासी सविया पत्नि कलीम पठान उम्र 31 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से कलीम पठान,नदीम पठान, वसीम पठान और सफिया बानों द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शारिरक और मानसिंक रूप से प्रताड़ति किया गया। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत कजराई निवासी अनिल पुत्र तुलसीराम आदिवासी उम्र 28 ने अपने ही घर में पाटोर वाले कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी प्रदीप पुत्र रामचरण कुशवाह उम्र 19 साल ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति के संबंध में कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

**अशोकनगर।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले के समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका/नगर परिषद को शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रणाली की अनुरक्षण व्यवस्था, पाइपलाइन रिसाव पहचान, पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं शिकायत निवारण तंत्र सुढीकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किये गये है। जारी निर्देशों के तहत नगरीय निकायों द्वारा संचालित जल प्रदाय योजनाओं के तहत शहरों में की जा रही जलापूर्ति प्रणालियों का उचित अनुरक्षण,जल गुणवत्ता की सतत निगरानी एवं पाइपलाइन रिसाव की समय पर पहचान कर उसे तत्काल में ठीक करना अत्यंत आवश्यक है। केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अभियंत्रण संगठन द्वारा जारी जल आपूर्ति और उपचार पर नियमावली तथा विश्व में अपनाई जा रही श्रेष्ठतम प्रथाओं को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा संदर्भित पत्रों में विस्तृत निर्देश दिये गये है। कार्यवाही हेतु जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की जल प्रदाय योजनाओं के संचालन में पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

### 14, 15 एवं 16 को होगा ऐतिहासिक आयोजन, विधायक ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

# एरण महोत्सव देश की गौरवशाली प्राचीन धरोहर का एक प्रमुख केंद्र है: निर्मला सप्रे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

14 जनवरी से आयोजित 3 दिवसीय ऐतिहासिक एरण महोत्सव की तैयारी को लेकर विधायक निर्मला सप्रे ने स्थल परीक्षण किया साथ ही अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए । जानकारी अनुसार ऐतिहासिक एरण महोत्सव 14, 15 एवं 16 जनवरी को आयोजित होने जा रहा है।

इसी के मद्देनज़र विधायक निर्मला सप्रे ने बुधवार को पुरातत्व विभाग अधीक्षक डॉक्टर शिवाकांत बाजपेई, एसडीएम विजय डेहरिया सहित प्रशासनिक अधिकारियों, पुरातत्व विभाग के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ संपूर्ण व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान मंच, सुरक्षा, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा तथा आपातकालीन सेवाओं का जायज़ा लिया गया। विधायक सप्रे ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि एरण महोत्सव क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है, अतः तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगंतुकों की सुविधा प्राथमिकता रहेगी। निरीक्षण के दौरान विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि एरण देश की गौरवशाली प्राचीन धरोहर का केंद्र है और महोत्सव के माध्यम से इसकी पहचान को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।

#### 170 से अधिक शामिल होंगे कलाकार

आयोजित एरण महोत्सव में 170 से अधिक कलाकार भाग लेंगे, विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, मेला एवं झूले आकर्षण का केंद्र रहेंगे। विभिन्न विभागों के सूचना एवं जनउपयोगी स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा तथा स्थानीय लोकसंस्कृति, हस्तशिल्प और पुरातात्विक विरासत से जुड़े प्रदर्शनों का भी विशेष आयोजन होगा। महोत्सव को भव्य, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वित रूप से तैयारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मनोज शर्मा, रतन यादव, पहलाद रघुवंशी, सहबराज यादव, विशाल पटेल, दिकपाल यादव, राजेन्द्र ठाकुर, सुरेन्द्र राजपूत, राजाबाबू यादव, आदित्य सराफ, सतीश पटेल, दामोदर राय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### 1 करोड़ 20 लाख के उप तहसील भवन का किया विधायक ने भूमिपूजन

**बीना।** भानगढ़ में 1 करोड़ 20 लाख की लागत से बनने वाले उप तहसील भवन का भूमिपूजन बुधवार को विधायक निर्मला सप्रे ने किया। भानगढ़ क्षेत्र के लोगों के द्वारा लंबे से मांग की जा रही थी। उप तहसील भवन की घोषणा मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 9 सितंबर 2024 को की थी। भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक निर्मला सप्रे ने कहा संकल्प सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत हमारे क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण हो रहा है। जनता से जो भी वचन लिया है, उन्हें पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। उप तहसील भवन बनने से भानगढ़ और आसपास के गांव के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस भवन के निर्माण से भानगढ़ सहित आसपास के लगभग 60 गाँवों के लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए दूरदराज नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें नामांतरण, बंटवारा, नकल, जातिझ्आय प्रमाण पत्र जैसे काम स्थानीय स्तर पर ही आसानी से मिल सकेंगे। उन्होंने आगे कहा हमारा लक्ष्य है कि सरकारी सुविधा जनता के दरवाजे तक पहुंचे। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए और भी योजनाएं जल्द प्रारम्भ होंगी। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों, किसानों और आम नागरिकों को मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था देना हमारी प्राथमिकता है। विकास का यह सिलसिला आगे भी रुके बिना जारी रहेगा। पवन यादव ने कहा कि यह मांग हमारे भानगढ़ क्षेत्र के लिए लंबे समय से उठाई जा रही थी। जिसे विधायक के द्वारा पूरा किया गया है। इससे हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। मांग पूरी होने पर उन्होंने विधायक सप्रे का आभार माना है। इस अवसर पर मनोज शर्मा, रतन यादव, पवन यादव, सहबराज यादव, विशाल पटेल, राजेन्द्र ठाकुर, मुकेश पटेल, सुरेन्द्र राजपूत, राजाबाबू यादव, आदित्य सराफ, सतीश पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पीजी कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता विषय पर हुई कार्यशाला

# मानव जीवन अमूल्य है, विद्यार्थी जीवन में कभी भी निराश नहीं हों: उदय भान पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

पीजी कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला कॉलेज प्राचार्य डॉ रेखा बरेठिया के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता उदय भान पटेल ने कहा कि मानव जीवन अमूल्य है। विद्यार्थी जीवन में कभी भी निराश न हो। अपने परिवार एवं शिक्षकों से अपना संवाद बनाए रखें। विद्यार्थी सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ें। जीवन में किसी भी प्रकार समस्याएं आने पर उनका डटकर मुकाबला करें तथा जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार का नुकसान करने जैसे कदम ना उठाएं। कॉलेज प्रोफेसर डॉ. एमएल सोनी ने कहा कि विद्यार्थी मानसिक स्वास्थ्य के प्रति हमेशा जागरूक रहें तथा जीवन में तनाव मुक्त रहने के लिए किसी न किसी रचनात्मक कार्य से जुड़ें। डॉ राजेश कुमार सप्रे ने कहा कि विद्यार्थी तनाव से दूर रहने के लिए जीवन में कुछ नया सीखते रहें। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी गौरव नैलवाल द्वारा छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय में असफलताओं से जीवन में निराश न हो सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ तनाव मुक्त रहें। आभार उमेश यादव ने व्यक्त किया। इसमें मोहम्मद रफीक शेख, सुमित मिश्रा, डॉ वंदना चौबे, डॉ चेतना शर्मा, एसके पंथी, डॉ गजेंद्र पाठक, जितेंद्र खांडेराव, प्रदीप चौधरी, संतोष सोनी, अनिरुद्ध पटेल, नीतेश पाटकर सहित कॉलेज स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नपाध्यक्ष ने प्रस्तावित सार्वजनिक शौचालय का स्थल निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने सीएमओ राहुल कौरव के साथ विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। सर्वोदय चौराहे पर प्रस्तावित सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर में स्वच्छता एवं साफ-सफाई को प्राथमिकता दी जा रही है।

सार्वजनिक शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होने से नागरिकों को राहत मिलेगी। एक शौचालय का निर्माण सुपरमार्केट में चल रहा जो जल्द ही जनता के लिए शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थल चयन के बाद शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर समय सीमा में पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान नपा उपाध्यक्ष रमाकांत, सभापति संतोष राय, जितेन्द्र बोहरे, पार्षद बीड़ी रजक एवं नपा के नेता प्रतिपक्ष प्रशांत राय सहित उपयंत्री जयदीप शाक्यवार उपस्थित रहे। इसके पश्चात नपाध्यक्ष ने मोतीचूर नदी पर चल रहे सौंदर्यीकरण एवं घाट निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने निर्माण की गुणवत्ता, उपयोग में लाई जा रही सामग्री एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। शेष कार्यों को तेजी के साथ पूर्ण करने तथा कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए। इस दौरान जितेन्द्र बोहरे, मधुलिका यादव, कैलाश कुशवाहा, नीतू राय, मंजू बुंदेला, हन्नू राजपूत सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सादोंह केन्द्र पर समीक्षा बैठक का आयोजन



**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी के चल रहे विभिन्न कार्यक्रमो को लेकर मंगलवार को शक्ति केन्द्र सादोंह पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मंडल प्रभारी लखन रघुवंशी धुर्रा मंडल अध्यक्ष दिनेश रघुवंशी, शक्ति केन्द्र प्रभारी सुनील देरखा, एसआईआर प्रभारी अनिल कुकरेटा, मोनू रघुवंशी, महेन्द्र सिह किर्रोदा, अनिल रघुवंशी सांदोह, रणवीर सिह सीगाखेडी, देवेन्द्र ऊमरी और अन्य पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से मिला उत्कृष्टता पुरस्कार-2025

# महिला सशक्तिकरण व सहकारिता की मिसाल बनी जय बगीचा सरकार संस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा- ढांड

सहकारिता के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य, पारदर्शी प्रशासन और महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर किए जा रहे प्रभावी प्रयासों के लिए शिवपुरी जिले की जय बगीचा सरकार महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्यादित, ढांड (शिवपुरी) को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (ठउऊउ) द्वारा उत्कृष्टता पुरस्कारझ2025ह्व से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्षझ2025 के अवसर पर प्रदान किया गया, जो न केवल संस्था बल्कि संपूर्ण शिवपुरी जिले के लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

इस गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन भोपाल स्थित राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के क्षेत्रीय निदेशालय में किया गया, जहां सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी,



एनसीडीसी के उच्चाधिकारी, सहकारी क्षेत्र के विशेषज्ञ तथा प्रदेशभर से आए सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली चयनित संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जय बगीचा सरकार महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था को यह पुरस्कार प्राथमिक महिला सहकारी संस्था श्रेणी में सहकारी विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन, आर्थिक अनुशासन, महिला आजीविका संवर्धन और सामाजिक उत्तरदायित्व के सफल निर्वहन के लिए प्रदान किया गया। संस्था ने सीमित संसाधनों के बावजूद ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया है।संस्था द्वारा बचत एवं ऋण गतिविधियां, महिला उद्यमिता को बढ़ावा, वित्तीय साक्षरता, सामाजिक जागरूकता तथा आत्मनिर्भरता से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। संस्था का यह कार्य-मॉडल अन्य सहकारी संस्थाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनता जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने संस्था के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि सहकारिता के माध्यम से समावेशी और सतत विकास तभी संभव है, जब महिलाएं नेतृत्व की भूमिका निभाएं। जय बगीचा सरकार महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था ने यह सिद्ध कर दिया है कि ईमानदारी, पारदर्शिता और सामूहिक सहभागिता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है।इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत ढांड के पूर्व सरपंच कप्तान सिहं परमार ने संस्था की समस्त महिला सदस्यों को बधाई देते हुए इसे ग्राम और क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। वहीं रवि गौतम, पत्रकार दिनारा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल बताया।

# शीत लहर से निपटने आवश्यक तैयारियां रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार शीत लहर को देखते हुए पूर्व में ही आयुक्त स्वास्थ्य सेवायें मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी निर्देशो के परिपालन में आमजन के लिए जागरुकता हेतु एडवायजरी जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी द्वारा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी, शहरी नोडल अधिकारी को शीत लहर से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों रखने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के तहत समस्त स्वास्थ्य संस्था प्रभारी

#### पर्याप्त मात्रा में दवाओं का भंडारण रखने के निर्देश

अपनी- अपनी स्वास्थ्य संस्थाओ जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ठंड व शीतलहर को देखते हुए मरीजो को गर्म कम्बल, सुविधा अनुसार बैड, गर्म पानी व वार्डों को गर्म रखने सबंधी संशोधन की उचित व्यवस्था रखी जाए। समस्त स्वास्थ्य विभागीय स्टॉफ भी अपना बचाव रखे। विशेषतौर पर रात्रि कालीन ड्यूटी स्टॉफ व आकस्मिक सेवाओ सबंधी ड्यूटी स्टॉफ गर्म कपड़े पहने सिर व कानो को ढककर रखे। समस्त संस्था प्रभारी ड्यूटी स्टॉफ को गर्म कम्बल त अन्य संसाधनों को व्यवस्था करवाएं। स्वास्थ्य संस्थाओं में समस्त संस्था प्रभारी संस्था के अंदर जलाव जलाने की व्यवस्था रखें। समस्त स्वास्थ्य संस्था प्रभारी अपनी-अपनी संस्था पर पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक औषधियां, शील लहर से बचाव सबंधी औषधियों का पर्याप्त मात्रा में भंडारण करना सुनिश्चित करें। समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं को शीत लहर से प्रभावित मरीजों से संबंधित जानकारी प्रतिदिन वरिष्ठ कार्यालय को अवगत करने हेतु निदेश दिये जा रहे है। समस्त स्वास्थ्य संस्था प्रभारी संस्था अंतर्गत आने बाले ओपोडी आईपीडी मरीजो को शीत लहर से बचाव सबंधी जानकारियों से अवगत कराये। साथ ही क्षेत्र में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओ आशाओ के माध्यम से आमजन में शीत. तहर के प्रति जागरुकता करवाए। डॉ. बी. एल. टैगोर, जिला सर्विलैस अधिकारी, मोबाईल नम्बर 9827572140 विभागीय स्तर पर आपदा प्रबंधन(शीत लहर), हेतु नोडल अधिकारी रहेंगे। प्राप्त निर्देशानुसार शीत लहर से बचाव हेतु एडवायजरी जारी करने के साथ-साथ स्वास्थ्य संस्थाओं हेतु निर्देश जारी किए गए है।